तथ्य-पत्रक : महिला/आंतरिक कंडोम

याद रखें, कंडोम और महिला कंडोम, दोनों यौन संचारित संक्रमण और एचआईवी से आपकी सुरक्षा करते हैं। खुद को सुरक्षित रखने के लिए हमेशा इनका इस्तेमाल करें!

महिला/आंतरिक कंडोम कैसे काम करता है?

- महिला/आंतरिक कंडोम एक ढीला ट्यूब जो शुक्राणुओं को अण्डों तक पहुँचने से रोकता है। अगर शुक्राणु अण्डों तक नहीं पहुंचते, तो आप गर्भवती नहीं होती है।
- महिला/आंतरिक कंडोम का एक सिरा बंद होता है जो गर्भाशय ग्रीवा को ढंकता है और दूसरा सिरा छल्ला (रिंग) लिए होता है जो योनि के बाहर रहता है।
- गर्भ निरोध की कोई विधि 100% प्रभावी नहीं है। अगर आप यौन संबंध के लिए हर बार महिला/आतंरिक कंडोम का उपयोग करती हैं और यह फटता या निकलता नहीं है, तो यह 95% प्रभावी है। अगर कंडोम फटता या फिसल जाता है, तो यह 79% प्रभावी है।

महिला/आंतरिक कंडोम का उपयोग कब करें?

- यौन संबंध बनाते समय हर बार नया महिला/आंतरिक कंडोम प्रयोग करें।

यौन संबंध से पहले मैं महिला/आंतरिक कंडोम कैसे लगाऊं?

- अपनी सुविधानुसार स्थिति चुनें (उदाहरण के लिए: लेट कर, एक पैर कुर्सी पर रख कर खड़े होकर)।
- बंद सिरे के भीतर की छल्ले (रिंग) को पकड़कर एक टैम्पन की तरह योनि में डालें। भीतरी छल्ले (रिंग) के गर्भाशय ग्रीवा (यह नाक की नोक की तरह लगती है) तक पहुँचने तक धक्का दें।
- अपनी उंगली निकालें और खुले सिरे के छल्ले (रिंग) को योनि के बाहर लटकने दें।

सेक्स के बाद महिला/आंतरिक कंडोम कैसे निकालें?

- बाहरी छल्ले (रिंग) को निचोड़ कर एंठे।
- कंडोम को आराम से योनि के बाहर खीचें और दूर फेंक दें।

महिला/आतंरिक कंडोम के बिना असुरक्षित यौन संबंध बनाने से क्या होगा? अगर महिला/आंतरिक कंडोम सेक्स के दौरान फट जाता है तो?

- तुरंत बाद आपातकालीन गर्भनिरोधक (ईसी) लें। आपातकालीन गर्भनिरोधक यौन संबंध के 5 दिन बाद तक गर्भावस्था रोक सकते हैं, इसे जितनी जल्दी लें उतना अधिक कारगर है।

महिला/आंतरिक कंडोम कैसे आपकी मदद करता है?

- दवा की दुकान में आसानी से उपलब्ध
- यौन क्रीड़ा में पूर्व क्रिया के तौर पर पहना जा सकता है।
- इसमें कोई हार्मोन नहीं होता है
- पुरुष कंडोम की तरह महिला/आंतरिक कंडोम को लगाने के लिए तने हुए लिंग की ज़रूरत नही
- यौन संचरित संक्रमणों और एचआईवी के खिलाफ आपकी सुरक्षा करता है।

महिला/आंतरिक कंडोम का उपयोग कर कैसा लगता है?

- इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है। आप और आपके साथी सेक्स के दौरान कंडोम महसूस कर सकते हैं।
- कुछ लोगों को लगता है कि महिला/आंतरिक कंडोम से सेक्स की खुशी कम हो जाती है। अन्य को लगता है कि यह आवाज़ करता है।

महिला/आंतरिक कंडोम के जोखिम है?

- महिला कंडोम सुरक्षित और प्रभावी गर्भनिरोध विधि है। चिकित्सा संबंधी कोई जोखिम नहीं है। महिला/आंतरिक कंडोम सेक्स के दौरान फट या फिसल सकता है; ऐसा होने पर तुरंत आपातकालीन गर्भ निरोधक लें।